दिनांक 07.10.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

पथ विक्रेताओं को दी जायेगी शासन के विभिन्न योजनाओं के लाभ

भिलाईनगर/ दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत पथ विक्रेताओं को शासन क विभिन्न योजनाओं से जोडने एवं उन्हे लाभ पहुचाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आज दिनांक 07 अक्टूबर 2017 को निगम मुख्यालय के सभागार में आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यशाला में राज्य आजीविका मिशन से मिशन मैनेजर सुभाष बारीक एवं अंजनी सिंह मास्टर टेनर्स के रूप से उपस्थित थे। मास्टर टेनर्स द्वारा उपस्थित वेन्डर्स, सामुदायिक संगठिका एवं पार्षद गणों को जानकारी दी की पथ विक्रेताओं को जोन कमेटी के माध्यम से वेन्डर जोन में व्यवस्थापित किया जाएगा, वेन्डरों के लिए पृथ्क से चबुतरा बिक्रि सामग्री हेतु स्थान उपलब्ध कराते हुए उनके लिए पेय जल, शौचालय की सुविधा भी निकाय के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। वेन्डरों को पहचान के रूप में पहचान पत्र और व्यवसाय हेतु लाइसेंस भी उपलब्ध कराया जायेगा साथ ही ऐसे वेन्डर्स जिनके द्वारा व्यवसाय किए जा रहे है उन्हें पंजीकृत कर प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा। इस अवसर पर आजीविका मिशन के सहा. परियोजना अधिकारी शांति चंद्राकर, मिशन मैनेजर एकता शर्मा, शिबा रार्बट, वासुदेव बैनर्जी, रूचा बन्नोरे तथा कार्यलयीन स्टाफ फणीन्द्र बोस, चंद्रपाल हरमुख उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी

नगर पालिक निगम , भिलाई